# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 13.02.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

## 1-अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार थाना कोतवाली नगरः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.02.2024 को उ0नि0 कुलदीप राणा थाना कोतवाली नगर द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अशरफ पुत्र बाबू निवासी रायसत्ती गुलजार कालोनी थाना नखासा जनपद सम्भल को एक अवैध तमन्चा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0-17/2024 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। उक्त आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। इसके विरुद्ध अन्य अभियोग भी पंजीकृत है।

**आपराधिक इतिहास---**

1. मु0अ0सं0 356/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना असमौली जनपद सम्भल
2. मु0अ0सं0 293/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना नखासा जनपद सम्भल
3. मु0अ0सं0 550/2022 धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम थाना नखासा जनपद सम्भल।

**2-लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना ठाकुरद्वाराः-**




अवगत कराना है कि दिनांक 11.02.2024 वादिनी निवासनी क्षेत्राअन्तर्गत की तहरीरी सूचना आरोपी द्वारा वादिनी की भांजी को बहला फुसला कर ले जाने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0- 51/2024 धारा 363 भा0द0वि0 आरोपी दिवेश पुत्र शिवकुमार निवासी विवेकानन्द स्कूल के पास ईदगाह रोड कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 13.02.2024 को उ0नि0 उज्जवल राणा द्वारा मय हमराह पुलिस बल के आरोपी दिवेश पुत्र शिवकुमार उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। बयानो व साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3- थाना कटघर पुलिस द्वारा 02 वारंटी को किया गया गिरफ्तारः-**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के आदेशानुसार वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13-02-2024 को उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह व उ0नि0 श्री उचित कुमार सिंह थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के 02 वारंटी अभियुक्त 1.जितेन्द्र पुत्र भूकन सिंह निवासी पावर हाउस के पास पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0नं0 5935/16 अ0सं0 326/16 धारा 323/504/506 भा0द0वि थाना कटघर मुरादाबाद 2. गोपाल पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी मौ0 सिहमन हजारी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0नं0 5415/18 अ0सं0 1059/17 धारा 452/323/504/506 भा0द0वि थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।

**4- थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा 01 वारंटी को किया गया गिरफ्तारः-**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के आदेशानुसार वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13-02-2024 को उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना ठाकुरद्वारा द्वारा मय हमराही पुलिस बल के 01 वारंटी अभियुक्त शहजाद पुत्र कलुआ निवासी ग्राम रामनगर खागूवाला थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा न0-739/2002 अ0स0 630/2002 धारा 25 आर्म्स एक्ट व मुकदमा न0-2847/2022 अ0स0 456/2022 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।

**5- थाना कटघर पुलिस द्वारा थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम हृदयपुर में हुयी लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में लूटे गये समान में से 02 पाजेब सफेद धातु व 6000/- रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचे मय 05 कारतूस व 01 स्कूटी बरामद की गयी।**



अवगत कराना है कि दिनांक 20/21-01-2024 की रात्रि में थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम हृदयपुर में शाहरूख खान पुत्र अब्दुल वाहिद व अबरार पुत्र सलामत के घर में घुसकर कुछ अज्ञात बदमाशो के द्वारा लूट की घटना कारित की गयी। अबरार पुत्र सलाम के घर से लूट करने के बाद बदमाशो द्वारा शाहरूख खान के घर में लूट की गयी तथा रात्रि में जाग हो जाने के कारण बदमाश मौके से फायरिंग कर भाग गये थे। उक्त संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-35/2024 धारा-394 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। घटनास्थल का निरीक्षण उच्चाधिकारीगण के द्वारा किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में घटना का सफल अनावरण करने हेतु टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा बदमाशो को आने-जाने वाले रास्ते के सीसीटीवी कैमरे, वादीगण से बदमाशों के हुलिया इत्यादि की पूछताछ के सम्बन्ध में जानकारी करने एवं अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्तगण के नाम **1-पप्पू जाटव उर्फ विनोद पुत्र**

**मुकेश नि0 जाटवो वाला मोहल्ला कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर हाल नि0 गैराज बगियावाली गली निकट इन्डियन ए0टी0एम दस सराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2-हासिम अन्सारी पुत्र इरफान नि0 बरबलान कुवंर साहब की गली नं0 6 जामा मस्जिद थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद हाल नि0 गैरिज बगियावाली गली निकट इन्डियन ए0टी0एम0 दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3-गुलाम नबी पुत्र मुसव्वर नि0 नया ललवारा थाना सैफनी जनपद रामपुर 4-जाबुल पुत्र ऐजाज नि0 पीतपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 5-नावेद पुत्र वारिश नि0 पुराना ललवाला थाना सैफनी जनपद रामपुर** प्रकाश में आये। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12-02-2024 को मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये अभियुक्तगण **1-हासिम अन्सारी पुत्र इरफान निवासी बरबलान कुवंर साहब की गली नं0 6 जामा मस्जिद थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद हाल निवासी गैरिज बगियावाली गली निकट इन्डियन ए0टी0एम0 दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2-पप्पू जाटव उर्फ विनोद पुत्र मुकेश निवासी जाटवो वाला मोहल्ला कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर हाल निवासी गैराज बगियावाली गली निकट इन्डियन ए0टी0एम दस सराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद** को ग्राम नयागांव से आगे मछरिया की तरफ राज ओटो सर्विस सेन्टर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 देशी तमंचे 315 बोर मय 05 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 जोडी सफेद धातू की पाजेब व 6000 रूपये नकद व घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी टीवीएस जुपिटर बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से धारा 394 भादवि का विलोप कर धारा 395/397/412 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

## पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तगण पप्पू जाटव उर्फ विनोद व हासिम अन्सारी उपरोक्त ने एक स्वर में बताया कि साहब दिनांक 20.01.2024 की रात्रि में हम दोनो व हमारे साथी गुलाम नबी पुत्र मुसव्वर नि0 नया ललवारा थाना सैफनी रामपुर व नावेद पुत्र वारिश नि0 पुराना ललवारा थाना सैफनी रामपुर व जाबुल पुत्र ऐजाज निवासी पीतपुर थाना कुन्दरकी मुरादाबाद ने मिलकर ग्राम हृदयपुर में दिनांक 20.01.2024 की रात्रि में लूटपाट की थी। हम दोनो अपनी इसी स्कूटी से व हमारे तीनो साथी गुलाम नवी, नावेद, जाबुल अपने मोटर साईकिल से रोण्डा झोन्डा के पास जो कुन्दरकी की तरफ से कच्चा रास्ता आता है वही पर इकट्ठा हुए थे तथा हमने वहीं अन्धेरे में अपने अपने वाहन छुपा कर खडे कर दिये थे और नदी के रास्ते पैदल-पैदल ग्राम हृदयपुर में जाकर दिनांक 20-01-2024 की रात्रि में दो घरो में लूटपाट की थी दोनो घरो से करीब 45,000/- रुपये नकद व कुछ जेवरात लूटे थे जैसे ही हमने दूसरे घर में लूटपाट की थी तो घर में जाग होने पर शोर शराबा हो गया था। घर वाले हम लोगो से भिड गये थे जिसमें हमने अपने आप को घिरता देख हम में से गुलाम नबी व पप्पू ने गोली चलायी थी हम लोग मौके से जंगल के रास्ते से भाग गये थे और आगे जंगल में जाकर लूटे गये समान का गुलाम नवी द्वारा बटवारा किया गया था जिसमें से हम दोनो के हिस्से में 9 - 9 हजार रुपये व एक-एक जोडी पाजेब आयी थी। हमारे तीनो साथी सैफनी की तरफ चले गये थे। हम दोनो मुरादाबाद की तरफ आ रहे थे पकडे जाने के डर की वजह से हमने अपने हिस्से में आया लूट का सामान दोनो जोडी

पाजेब व अपने-अपने तमन्चो व कारतूसो को दौडभाग गावं की तरफ जाने वाले रास्ते पर सडक के पास बनी एक मजार के पीछे ईंटो के ढेर में उसी रात में छुपा दिया था। हमे जानकारी हो गयी थी कि पुलिस को हमारे ऊपर शक हो गया है। आज हम अपने मुहं पर मास्क लगाकर उसी स्कूटी से लूटा हुआ सामान व तमन्चे कारतूस लेकर आ रहे थे और कही बाहर भागने की फिराक में थे। हमारे हिस्से में आये 9- 9 हजारु रुपये में से बाकी रुपये खाने पीने में खर्च हो गये है यह रुपये व पाजेब उसी लूट की घटना के है जो हमने 20-01-2024 को ग्राम हृदयपुर में अपने साथी गुलाम नवी, नावेद, जाबुल के साथ की थी। हम 4 लोग घर में घुसते थे और नावेद घर के बाहर असलाह लेकर खडा रहता था हम सभी लोगो के पास नाजायज असलाह रहते थे।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. **पप्पू जाटव उर्फ विनोद पुत्र मुकेश नि0 जाटवो वाला मोहल्ला कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर हाल नि0 गैराज बगियावाली गली निकट इन्डियन ए0टी0एम दस सराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र 24 वर्ष**
2. **हासिम अन्सारी पुत्र इरफान नि0 बरबलान कुवंर साहब की गली नं0 6 जामा मस्जिद थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद हाल नि0 गैरिज बगियावाली गली निकट इन्डियन ए0टी0एम0 दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र 44 वर्ष,**

## प्रकाश मे आये/वांछित अभियुक्तगणः-

1. **गुलाम नबी पुत्र मुसव्वर नि0 नया ललवारा थाना सैफनी जनपद रामपुर**
2. **जाबुल पुत्र ऐजाज नि0 पीतपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद**
3. **नावेद पुत्र वारिश नि0 पुराना ललवाला थाना सैफनी जनपद रामपुर**

## बरामदगी का विवरणः-

1-02 जोडी सफेद धातु की पाजेब, 6000 रुपये नकद

2- 02 अवैध तमंचे

3- 05 जिन्दा कारतूस

4- 01 स्कूटी टीवीएस जुपिटर

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-

**हासिम अन्सारी उपरोक्त**

1- मु0अ0सं0 298/23 धारा 379/411 भादवि थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड

2- मु0अ0सं0 473/23 धारा 457/380/411/420 भादवि थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड

**पप्पू जाटव उर्फ विनोद उपरोक्त**

मु0अ0सं0 244/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शाहबाद जनपद रामपुर

## गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 श्री तेजवीर सिंह थाना कटघर
2. SOG प्रभारी अमित कुमार मय एसओजी टीम
3. उ0नि0 सतेन्द्र सिंह उज्जवल
4. उ0नि0 श्री संजय कुमार सिंह
5. उ0नि0 श्री शहजाद अली
6. हे0का0 दीपक बरगौती
7. हे0का0 बिजनेश कुमार
8. का0 संजय कुमार
9. का0 राकेश राणा
10. का0 सागर चौहान